सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 141 | इंदौर, शुक्रवार 05 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## भारत पर ट्रंप का दबाव बेअसर, मोदी ने पुतिन के स्वागत में बिछाई रेड कार्पेट: विदेशी मीडिया



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा न केवल द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती का प्रतीक है, बल्कि वैश्विक भू-राजनीति में भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का एक सशक्त संदेश भी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन का हवाई अड्डे पर व्यक्तिगत स्वागत किया और गले मिलकर पुरानी दोस्ती को नया आयाम दिया। पुतिन के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट बिछाई गई थी। यह दौरा यूक्रेन युद्ध के बाद पुतिन का पहला भारत दौरा है और विदेशी मीडिया इसे 'ट्रंप बनाम मोदी-पुतिन' की जंग के रूप में देख रहा है। जहां अमेरिकी और यूरोपीय मीडिया भारत को 'कूटनीतिक रस्साकशी' में फंसा हुआ बता रहे हैं, वहीं कुछ आउटलेट्स भारत की रणनीतिक स्वायत्तता की सराहना कर रहे हैं। पुतिन गुरुवार शाम पलम एयरपोर्ट पर उतरे, तो प्रधानमंत्री मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़ते हुए खुद उनका स्वागत किया। दोनों नेता एक ही कार में सवार होकर लोक कल्याण मार्ग पहुंचे- यह वही 'लिमो डिप्लोमेसी' है, जो सितंबर 2025 में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (SCO) समिट में देखी गई थी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने इसे 'मोदी-पुतिन के व्यक्तिगत रिश्ते की मजबूती का प्रतीक' बताया। बीबीसी ने दौरे को 'शीत युद्ध की पुरानी दोस्ती का पुनरुद्धार' कहा, जहां रूस भारत का सबसे बड़ा रक्षा आपूर्तिकर्ता है। रिपोर्ट में कहा गया कि द्विपक्षीय व्यापार 2020 के 8.1 अरब डॉलर से बढ़कर 2025 के मार्च तक 68.72 अरब डॉलर हो गया, मुख्य रूप से रूसी तेल की छूट वाली खरीद से।

● वाइल्ड लाइफ के लिए गुड न्यूज

# सीएम मोहन ने कूनो नेशनल पार्क में छोड़े 3 चीते, कहा- ये हमारे लिए कोहिनूर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल/श्योपुर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश वाइल्ड लाइफ के लिए 4 दिसंबर का दिन बेहद खास रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस पर श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता वीरा और उसके 10 माह के 2 शावकों को बड़े बाड़े से निकालकर खुले जंगल में छोड़ा। इस तरह अब अब कूनो के खुले जंगल में 19 चीते हो गए हैं। सीएम डॉ. यादव ने कूनो नेशनल पार्क के साल-2026 के कैलेंडर और 'फील्ड मैन्युअल फॉर क्लीनिकल मैनेजमेंट ऑफ फ्री-रेंजिंग चीताज इन कूनो नेशनल पार्क' का विमोचन भी किया। उन्होंने पार्क में सोवेनियर शॉप का लोकार्पण भी किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, सीएस अनुराग जैन और एसीएस



अशोक वर्णवाल भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एशिया महाद्वीप में चीतों के पुनर्स्थापन का जो संकल्प शुरू हुआ है, वह धीरे-धीरे परवान चढ़ रहा है। आज अंतरराष्ट्रीय चीता दिवस के मौके पर देश-प्रदेशवासियों को बधाई देता हूं। आज हमने मादा चीता के साथ उसके दो शावक जंगल में छोड़े हैं। वर्तमान में प्रदेश में 32 चीते हैं। इसमें से तीन गांधी सागर अभ्यारण्य में हैं। चीतों को लेकर श्योपुर अब अंतरराष्ट्रीय स्तर का केंद्र बन गया है। हमारे जंगल में अब तीसरी पीढ़ी के शावक भी मौजूद हैं। चीता मुखी हमारे राज्य में पैदा हुई। उसके पांच बच्चे होने का समाचार सुखद है। उससे भी सुखद है कि चीतों के साथ हमारे नागरिक भी उसी माहौल में रहना सीख गए हैं। यह वसुधैव कुटुम्बकम का सुंदर उदाहरण है। मध्यप्रदेश टाइगर-लेपर्ड होने के साथ-साथ कई जीवों का आश्रय स्थल है। आज यहां पर्यटन पांच गुना बढ़ गया है। इससे अब यहां रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि यहां का चीता राजस्थान तक दौड़ लगा रहा है। चीता हमारे लिए कोहिनूर की तरह है।

## कटाक्ष




# रणजीत अष्टमी पर ड्रोन से निगरानी

## शस्त्र प्रदर्शन और नशा करने वालों को तुरंत पकड़ेगी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर में 12 दिसंबर को रणजीत अष्टमी के अवसर पर रणजीत हनुमान मंदिर से विशाल प्रभात फेरी पूर्ण श्रद्धा,आस्था और अपार उत्साह के साथ आयोजित की जाएगी। इस प्रभात फेरी में भगवान श्री रणजीत विशेष स्वर्ण रथ में सवार होकर नगर का भ्रमण करेंगे। इस विशाल आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने श्री रणजीत हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में आयोजन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी और रणजीत हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए जिससे कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े श्रद्धालुओं को



सभी तरह की सुविधाएं रहें। सुरक्षा के भी पूरे इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में तय किया गया कि प्रभात फेरी मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। शराब पीकर आने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यात्रा मार्ग पर किसी भी तरह के शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। कंट्रोल रूम की स्थापना भी होगी। मुख्य मार्ग पर बेरिकेटिंग की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। बैठक में बताया गया कि प्रभात फेरी मार्ग में मंच लगाने के लिए पुलिस से अनुमति लेना होगी। रथ यात्रा मार्ग में लगने वाले मंच का साइज भी निर्धारित किया गया है। चौड़ाई अधिकतम 8 फिट रखना होगी। आवश्यकता के अनुसार मध्य प्रदेश विद्युत मंडल से विद्युत कनेक्शन लेना होगा। बैठक में विद्युत सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# स्वस्थ तन, संपन्न किसान और आत्मनिर्भर भारत की पहचान

## 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित होगा भव्य जैविक महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वस्थ तन, समृद्ध किसान और आत्मनिर्भर भारत के ध्येय को केन्द्र में रखते हुए इंदौर में 12, 13 एवं 14 दिसंबर को भव्य जैविक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय जैविक मेला इंदौर के ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कनवाला कुआं में आयोजित होगा। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस महोत्सव में जैविक एवं प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पादों का सीधा विक्रय एवं प्रदर्शन किसानों द्वारा किया जाएगा, जिससे उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित होगा।**

यह मेला आत्मा परियोजना, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, तथा मां रेणुका फूड्स, आनंदम ऑर्गेनिक और शगुन नैचुरल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रयास का उद्देश्य है कि इंदौर स्वच्छता के साथ–साथ स्वस्थता के क्षेत्र में भी देश में अग्रणी बने। मेला चार आकर्षक भागों में विभाजित रहेगा। मेले का पहला भाग मिलेट्स (श्री अन्न) प्रदर्शनी आधारित होगा। इस प्रदर्शनी में कोदो, कुटकी, कंगनी, रागी, सामा जैसे समृद्ध पोषक तत्वों वाले पारंपरिक अनाज प्रदर्शित किए जाएंगे। नागरिकों को श्री अन्न के महत्व, उपयोग और स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इनका विक्रय भी किया जायेगा। मेले का दूसरा भाग तिलहन प्रदर्शनी का होगा। यह तिलहन और स्वास्थ्य का संगम रहेगा। इस खंड में सरसों, तिल्ली, मूंगफली, अलसी, सूरजमुखी जैसे तिलहनों से घानी द्वारा निकाले गए शुद्ध तेल उपलब्ध रहेंगे। आगंतुकों को शुद्ध स्वदेशी तेलों के गुण, उनकी उपयोगिता एवं स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया जाएगा। तीसरा ज्ञान सत्र होगा। इस सत्र में विशेषज्ञों द्वारा स्वदेशी तेलों के स्वास्थ्य लाभ, तिलहन खेती एवं प्रसंस्करण, मिलेट्स आधारित नवाचार, प्राकृतिक और जैविक खेती तकनीक आदि पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। किसानों के लिए यह सत्र विशेष रूप से उपयोगी रहेगा। मेले का सबसे आकर्षक चौथा भाग स्वाद और सेहत से भरपूर रहेगा। यहां जैविक खाद्य स्टॉल लगाकर जैविक उत्पादों से बने पारंपरिक व्यंजन उपलब्ध होंगे, जैसे दाल-पानिया, मिलेट्स की खिचड़ी, मिलेट्स के पोहे, गिर गाय के दूध से बनी जलेबी सहित अन्य स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों का विक्रय किया जाएगा। इस मेले के माध्यम से प्रयास है कि नागरिकों को जैविक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए, किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर बाजार उपलब्ध हो, मिलेट्स और तिलहन के महत्व को जन–जन तक पहुंचाया जाए और इंदौर को स्वच्छता के साथ-साथ स्वस्थता में भी नंबर–1 बनाया जाए।

# खजराना गणेश मंदिर में तिल चतुर्थी पर लगेगा सवा लाख लड्डुओं का भोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में 31 दिसंबर और 1 जनवरी को भक्तों की ज्यादा संख्या को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। खजराना गणेश मंदिर में 31 दिसंबर की रात और 1 जनवरी को बड़ी संख्या में भक्त भगवान के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेने के लिए आते है। इसे देखते हुए विशेष इंतजाम भी किए जाएंगे। आगामी तिल चतुर्थी के त्योहार पर भी मंदिर में कई व्यवस्थाएं की जाएगी। तिल चतुर्थी पर खजराना गणेश मंदिर में सात दिवसीय मेले का आयोजन भी किया जाएगा साथ ही कई धार्मिक आयोजन भी यहां होंगे।

नए साल और तिल चतुर्थी महोत्सव के दौरान भक्तों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी। मंदिर परिसर में भीड़ मैनेजमेंट, पानी की व्यवस्था, पार्किंग, सफाई व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़े सभी इंतजाम समय पर पूरे करने के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा है। इसके साथ ही ऑनलाइन सुविधाओं का विस्तार भी किया जाएगा, साथ ही श्रद्धालुओं को सुगम और आधुनिक सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। मंदिर में भगवान गणेश का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इन दिनों पूरे मंदिर परिसर में विशेष लाइटिंग और फूलों से सजावट भी की जाएगी।

# अब जनगणना के लिए इंदौर में तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** वर्ष 2027 में प्रस्तावित जनगणना की तैयारी को लेकर प्रदेश में प्रक्रियाएं तेज हो गई हैं। देश में लंबे समय से लंबित चल रही जनगणना प्रक्रिया अब दोबारा गति पकड़ने लगी है। अब निदेशालय ने नई जनगणना के लिए आधिकारिक निर्देश जारी करने शुरू कर दिए हैं। पहले चरण में मास्टर ट्रेनर्स के चयन और प्रशिक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हर जिले से चयनित नाम भेजे जा रहे हैं। इंदौर की आबादी को देखते हुए लगभग 4 ट्रेनर के नाम भेजे जा रहे है।

इनके प्रशिक्षण के बाद मकान गणना (हाउस लिस्टिंग) का चरण शुरू होगा। नई जनगणना 2027 में प्रस्तावित है, जिसमें जातिगत आधार पर डेटा संग्रह की संभावना भी देखी जा रही है। देश में लंबे समय से लंबित चल रही जनगणना प्रक्रिया अब दोबारा गति पकड़ने लगी है। 10 साल में एक बार होने वाली राष्ट्रीय जनगणना वर्ष 2021 में कोरोना लॉकडाउन के कारण नहीं हो सकी थी, लेकिन अब केंद्र सरकार महा पंजीयक कार्यालय ने नई जनगणना के लिए आधिकारिक निर्देश जारी करने शुरू कर दिए हैं। पहले चरण में मास्टर ट्रेनर्स के चयन और प्रशिक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हर जिले से चयनित नाम भेजे जा रहे हैं। इंदौर से 4 नाम भेजे जा रहे हैं, जिनका प्रशिक्षण लगभग 6 माह तक चलेगा। इसके बाद मकान गणना (हाउस लिस्टिंग) का चरण शुरू होगा। नई जनगणना अब 2027 में प्रस्तावित है, जिसमें जातिगत आधार पर डेटा संग्रह की संभावना भी देखी जा रही है। विभाग के निर्देश है कि 31 दिसंबर तक नगरीय सीमा क्षेत्रों में आवश्यक वृद्धि, कमी या सुधार कर अंतिम प्रस्ताव भेज दें। निर्धारित तिथि के बाद सीमाएं ब्लॉक हो जाएंगी, जिनमें किसी तरह का परिवर्तन संभव नहीं होगा।

# इंदौर के पुलिसकर्मियों का बिना हेलमेट, शराब को प्रमोट करने वाला वीडियो वायरल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अफसर जहां अनुशासन का पाठ पढ़ा रहे हैं, वहीं कुछ सिपाही सोशल मीडिया पर उसकी खुलकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। डीआरपी लाइन से सामने आया ताजा मामला इसका बड़ा उदाहरण है।**

एक पुलिसकर्मी ने वीडियो बनाया, जिसमें बिना हेलमेट बाइक पर तीन सवारी बैठी है। ये वीडियो शराब पीने के लिए प्रेरित करने वाला है। पुलिसकर्मी ने इसे अपने लाखों फॉलोअर्स वाले अकाउंट पर अपलोड कर दिया। हालांकि बाद में डिलीट भी कर दिया, लेकिन तब तक लाखों लोग वीडियो देख चुके थे।



पुलिस लाइन इंदौर का यह वीडियो जयवीर सिकरवार ने अपने अकाउंट पर शेयर किया था। वीडियो में वह अपने पुलिसकर्मी दोस्त कुलदीप और अन्य साथियों के साथ दिखाई देते हैं। जयवीर इसी वीडियो में डीआरपी लाइन में पैदल जाता है, जहां कुलदीप और बाइक पर बैठा दूसरा पुलिसकर्मी उसे रोकता है। इसके बाद वे शराब की बोतल दिखाकर उसे साथ चलने के लिए प्रेरित करते हैं। जयवीर और कुलदीप बीडीएस और डॉग स्क्वॉड में सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में पुलिस परिसर में इस तरह के वीडियो बनाकर उन्हें सोशल मीडिया पर डालना नियम के विरुद्ध है। जबकि जयवीर सिकरवार के 4 लाख 46 हजार फॉलोअर्स हैं और उनके वीडियो पसंद भी किए जाते हैं, लेकिन इस तरह के वीडियो विभाग की छवि धूमिल कर रहे हैं। वीडियो वायरल और कार्रवाई होने के डर से तीनों ने माफी मांग ली है। नशे की रोकथाम को लेकर अफसर मुहिम चला रहे हैं। कमिश्नर के आदेश पर शहरभर में देर रात तक पुलिस चेकिंग भी की जाती है। वहीं, छत्रीपुरा के हेड कॉन्स्टेबल संजय राठौर और सिपाही संजय गली-मोहल्लों में शिक्षा देने जैसी मुहिम सालों से चला रहे हैं।

# एक दिन में 605 दुपहिया वाहनों पर कार्रवाई

**इंदौर। ट्रैफिक पुलिस लगातार यातायात अनुशासन के लिए अभियान चला रही है। बुधवार को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए बिना हेलमेट चलने वाले दोपहिया चालकों से लेकर बस, ई-रिक्शा, ऑटो सहित नियम तोड़ने वाले वाहनों पर सख्ती की।**

रोड एक्सीडेंट में सिर की चोटों से होने वाली मौतों को रोकने और लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बिना हेलमेट दोपहिया चालकों पर कार्रवाई की गई। दिनभर चले अभियान में पुलिस ने 605 टू-व्हीलर चालकों के चालान बनाए। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा में सहयोग करें। ट्रैफिक



बाधित करने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। 67 ई-रिक्शा व ऑटो पर ओवरलोडिंग, वन-वे नियम तोड़ने और प्रतिबंधित सड़क से गुजरने पर कार्रवाई की गई। वहीं शहर के व्यस्त मार्गों और चौराहों पर 159 वाहन नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े पाए जाने पर हटाए गए और चालान बनाए गए, जिससे जाम की स्थिति बनी हुई थी। ट्रैफिक पुलिस द्वारा बसों के खिलाफ चलाए गए अभियान में 26 बसों पर अधिक सवारी, प्रतिबंधित स्थान पर रोककर सवारियां चढ़ाने-उतारने, निर्धारित वर्दी न पहनने और गलत ढंग से पार्किंग जैसे उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# अरविंदो हॉस्पिटल से बंधक शव को छुड़ाया

## ●शव को परिजनों के सुपर्द किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर। अखिल भारतीय बलाई महासंघ की एक और सफलतम उपलब्धि 22 वर्षीय विक्की शर्मा पिता मुनीब शर्मा निवासी कुशवाह नगर को गंभीर बीमारी के चलते अरविंदो हॉस्पिटल में पिछले दिनों भर्ती कराया गया था।**

आज गंभीर बीमारी के चलते उसकी मृत्यु हो गई। डेड बॉडी को अस्पताल के द्वारा दिया नहीं जा रहा था। शव से वसूली की जा रही थी।।

पीड़ित के परिजनों ने अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार से संपर्क किया ओर मामले की जानकारी देकर मदद मांगी, मनोज परमार के मार्गदर्शन में चिड़ार समाज के नितिन चंदेल तत्काल प्रभाव से अरविंदो हॉस्पिटल पहुंचे और साथ में अंकित ठाकुर भी तत्काल प्रभाव से रवाना हुए अखिल भारतीय बलाई महासंघ के कार्यकर्ताओं ने तुरत मौके पर पहुंच कर पीड़ित परिवार से संपर्क किया। नितिन चंदेल और अंकित ठाकुर के द्वारा अरविंदो हॉस्पिटल पहुंचकर डॉक्टरो से संवाद करने के पश्चात मृतक विक्की शर्मा की डेड बॉडी निःशुल्क रूप से परिजन के सुपर्द की गई।







### रेप के बाद धर्म परिवर्तन का दबाव

# एमबीए छात्रा ने कराई एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर।** रेप के बाद धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता एमबीए छात्रा है। वह बुधवार रात पति के साथ थाने पहुंची और आरोपी पर एफआईआर दर्ज कराई। छात्रा ने बताया कि आरोपी हम्स शेख ने कॉलेज में पढ़ाई के दौरान अपना नाम हनी बताकर दोस्ती की। फिर घर में घुसकर रेप किया। मेरी शादी हो गई तो भी धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया। बता दें आरोपी हम्स शेख पर दस दिन पहले भी एक छात्रा ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। पुलिस के अनुसार, कॉलेज में दोस्ती के बाद आरोपी ने शादी का प्रस्ताव भी रखा। इससे नाराज होकर छात्रा ने उससे दूरी बना ली। कुछ समय बाद आरोपी ने माफी मांग ली और दोनों में फिर बात होने लगी। छात्रा ने बताया कि अगस्त में उसकी शादी हो गई। उसे उम्मीद थी कि इसके बाद हम्स परेशान नहीं करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हम्स लगातार मिलने के लिए दबाव बना रहा था। उसने यह भी कहा कि अपने संबंधों के बारे में तेरे पति को सब बता दूंगा। आखिर छात्रा ने हिम्मत कर पति को सारी बात बताई और पति ने परिवार के अन्य सदस्यों से बात की। इसके बाद पति के साथ थाने जाकर छात्रा ने एफआईआर कराई। एफआईआर में दर्ज शिकायत के मुताबिक, 26 जुलाई को आरोपी छात्रा के घर पहुंचा और बातचीत के दौरान जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद कई बार मिलने का दबाव डालकर शोषण किया। आरोप है कि हम्स ने धर्म परिवर्तन और शादी के लिए भी दबाव बनाया तथा रिश्ते का खुलासा करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। हम्स करीब 10 दिन पहले तिलक नगर इलाके में पिपल्याहाना ब्रिज पर एक छात्रा को जबरिया कार में बैठाने के मामले में पकड़ा गया था। हम्स ने छात्रा को मिलने बुलाया था। वह छात्रा को दोस्ती करने के लिए लंबे समय से परेशान कर रहा था। छात्रा की सूचना पर वहां पहुंचे करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़ा और पिटाई करने के बाद तिलक नगर पुलिस को सौंप दिया था। मामले में एफआईआर हुई थी। उसे छुड़ाने के लिए बीजेपी विधानसभा-5 के मंडल अध्यक्ष अजहर शेख ने फोन कर दबाव बनाया था। अजहर शेख की बात करणी सेना के पदाधिकारी मान सिंह राजावत से हुई थी। उन्होंने पार्टी की दुहाई देकर एक बार हम्स को माफ करने का अनुरोध किया था।

## बुजुर्ग महिला को लिफ्ट देने के बहाने ठगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र के चौराहे पर अपने गंतव्य पर जाने के खड़ी एक महिला को साथ आरोपी ने लिफ्ट देने के बहाने महिला के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया पुलिस की तत्परता से घटना को अंजाम देने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। महिला के साथ लिफ्ट देने के बहाने सोने के आभूषण और नगदी रुपया ठगने वाले आरोपी आदिल को पुलिस सदर बाजार में शिकायत मिलते ही सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से आधार पर पकड़ा वारदात और मामले की जानकारी देते हुए राजेश दंडोतिया नें बताया कि इस महिला उज्जैन जाने के लिए बस के इंतजार में खड़ी थी उसी दौरान आरोपी आया और आगे छोड़ देने का कहते हुए उसे अपने साथ बैठा लिया और एक सुनसान जगह पर ले जाकर उसके सोने का आभूषण और नगदी ले लिए। अधिकारी के अनुसार महिला के सोने के टाप्स आरोपी ने ठगे थे। बता दे कि आरोपी सफेद कलर की शिफ्ट डिजायर में महिला को लेकर गया था पुलिस नें गाड़ी भी जब्त की है।

## जिस गोडाउन में लगी थी, उसमें अवैध तरीके से रखे थे पटाखे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर।** नगर निगम ने खजराना क्षेत्र में दो हजार वर्गफीट में फैला पटाखे व आतिशबाजी का गोडाउन तोड़ दिया। इससे जुड़े गोडाउन में बुधवार शाम को आग लग गई थी। निगम अफसरों को पता चला था कि पटेल मार्केट के दूसरे गोडाउनों में अवैध तरीके से पटाखों का भंडारण किया जा रहा है।

गोडाउन हटाने से पहले पायरो, आतिशबाजी के उपकरण व अन्य सामग्री भी रिमूवल गैंग ने जब्त कर ली है। खजराना क्षेत्र के पटेल मार्केट के एक गोदाम में आग लग गई थी। आग के कारण एक गोडाउन और तीन दुकानें जल गई थी। जिस गोदाम में आग लगी, उसमें शादी व इवेंट में की जाने वाली आतिशबाजी का सामान रखा था। आग लगते ही जोरदार धमाके हो रहे थे और आतिशबाजी उड़कर आसमान और इधर-उधर जा रही थी। फायर ब्रिगेड ने समय रहते आग पर काबू पाया। आग यदि फैल जाती तो मार्केट की अन्य दुकानें व गोडाउन भी चपेट में आ जाते। पास ही के गोडाउन में भी पटाखे और आतिशबाजी रखी होने का पता आग बुझाने के दौरान चला था। निगम अफसरों ने जांच की तो पता चला कि गोडाउन कब्जा कर बनाया गया था और पटाखे रखने के लिए भी अनुमति नहीं ली गई थी। आग गोडाउन के पड़ोस में बनाए जा रहे शेड की वैल्डिंग के कारण लगी थी। उसे भी गुरुवार को नगर निगम ने तोड़ दिया। तीन जेसीबी की मदद से गोडाउन को दो घंटे में जमींदोज कर दिया गया। उससे पहले पटाखे भी जब्त किए गए।

# महू से सेंधवा के रवाना हुए सेना का 'गजराज'

### साढ़े सात सौ किलोमीटर का सफर तय कर पहुंचेगा पुणे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर।** इन दिनों मध्य प्रदेश के आसपास में दिख रहा रंग-बिरंगा हॉट एयर बैलून चर्चा में है। कम ऊंचाई पर उड़ने वाला यह बैलून भारतीय सेना का गजराज है, जो भोपाल से उड़कर बुधवार को महू पहुंचा था। गजराज ने महू से सेंधवा के लिए उड़ान भरी, जो शुक्रवार को सेंधवा पहुंचेगा। इस बैलून में सेना के जवान भी सवार है। उनके स्वागत के लिए सेंधवा में तैयारी कर रही थी। सेंधवार में बैलून उतरेगा और शनिवार को फिर दशहरा मैदान से धूले के लिए उड़ान भरेगा। गजराज ने महू के ईएमई सेंटर से उड़ान भरी। भारत माता की जय के नारों के बीच उसे रवाना किया गया। गजराज ने तीन दिन पहले भोपाल से उड़ान भरी थी। वह आष्टा, महू, सेंधवा, धुले औरंगाबाद होते हुए दस दिसंबर को पुणे के एयर शो में




शामिल होगा। देश की एकता और अखंडता का संदेश लेकर इस बैलून को उड़ाया जा रहा है। 3 लाख 15 हजार क्यूबिक फीट क्षमता वाला यह देश का सबसे बड़ा एयर बैलून है। यह बैलून 11 दिन में साढ़े सात सौ किलोमीटर का सफर तय करेगा। ढाई सौ किलोमीटर का सफर तय कर यह बैलून भोपाल से महू तक पहुंचा था। इस बैलून में 20 लोग सवार हो सकते है। यह बैलून दस किलोमीटर प्रति घंटे की हवा के लिए उपयुक्त है। इस बैलून में चालीस-चालीस किलो क्षमता के आठ बड़े गैस सिलेंडर लगे है। हर एक मिनट में एक किलो गैस खर्च होती है।

## राजस्व प्रकरण में गंभीर लापरवाही...तीन पटवारी निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)
**इंदौर।** राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने तीन पटवारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने महू के तीन पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने जिन पटवारियों को निलंबित किया है उनमें आशीष कटारे, अनिता चौहान और मेघा शर्मा शामिल हैं। इन्होंने तहसील महू के ग्राम सांतेर में खसरा नंबर 68/1 एवं 69/1 के राजस्व प्रकरण में गंभीर अनियमितता की है। इसको देखते हुए तीनों पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इन तीनों का मुख्यालय देपालपुर तय किया गया है। इधर, कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि महू तहसील की एक सरकारी जमीन का मामला संज्ञान में आया है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के बाद जमीन को सरकारी किया गया था। उसमें एक सर्वे नंबर अतिरिक्त रूप से बनाया गया, जो कि निजी रहा। इसके बाद उसका डायवर्शन भी हुआ, जबकि उसको सरकारी नंबर होना था। मामला सामने आने के बाद इसकी पड़ताल की गई, तो पाया गया कि तीन पटवारी जिन्होंने इसमें लापरवाही की थी। उनके द्वारा ये नंबर बनाया गया था शासकीय नहीं किया गया। उन लोगों को तत्काल निलंबित किया गया है। जांच के आदेश भी दिए है। आगे जांच में अगर कोई तथ्य सामने आएंगे तो उसके आधार पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही भूमि को शासकीय करने की जो प्रक्रिया है उसे शुरू कर दिया गया है।

## विधायक बने बंदर... हाथ में उस्तरा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज तीसरा दिन हंगामेदार रहा। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस ने फसल मुआवजे समेत कई मुद्दों को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया। जुन्नारदेव से कांग्रेस विधायक सुनील उइके हाथ में पोस्टर लिए बंदर के वेश में विधानसभा पहुंचे, उनके हाथ में उस्तरा भी था, जिसे उन्होंने सरकार और सिस्टम का प्रतीक बताया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी मौजूद रहे। कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायकों ने खराब फसलों के मुआवजे का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉक-आउट कर दिया और बाहर आकर नारेबाजी की। लगातार हंगामे के चलते विधानसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## खंभे पर चढ़ा युवक करंट लगने से जिंदा जला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़, एजेंसी।** टीकमगढ़ में बिजली लाइन सुधारने के लिए पोल पर चढ़ा युवक करंट लगने से जिंदा जल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहन अहिरवार (35) के रूप में हुई। हद दर्जे की लापरवाही यह है कि घटना के करीब छह घंटे तक शव बिजली के तारों पर लटका हुआ था। घटना गुरुवार सुबह करीब 9 बजे जिले से 40 किमी दूर डूडीयन खेरा गांव की है। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने टीकमगढ़-छतरपुर रोड पर चक्काजाम कर दिया, जो अब भी जारी है। गांव वालों का आरोप है कि हादसा लाइनमैन की लापरवाही के कारण हुआ है।

## होमगाड्र्स स्थापना दिवस 6 दिसंबर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में होमगार्ड्स का स्थापना दिवस 6 दिसम्बर को समारोह पूर्वकमनाया जाएगा। होमगार्ड्स, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन महानिदेशक श्रीमती प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने बताया कि स्थापना दिवस मुख्य समारोह का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होमगार्ड्स परेड ग्राउण्ड जहांगीराबाद भोपाल में प्रातः 10 बजे से होगा। कार्यक्रम में परेड द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी, परेड का निरीक्षण, मार्च पास्ट के बाद मुख्य अतिथि का उद्बोधन, एसडीईआरएफ तथा सिविल डिफेंस द्वारा आपदा बचाव का डेमोस्ट्रेशन, अदम्य साहसिक कार्य हेतु पुरस्कार तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

## मंत्री विजयवर्गीय बोले- आपके सिंधिया अब हमारे हैं...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से मिलने पहुंचे तो पूछ लिया कि आपके सिंधिया जी कैसे हैं। नरेंद्र सिंह तोमर ने जवाब दिया-वह अच्छे, स्वस्थ और प्रसन्न हैं। इसी बीच वहां बैठे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने ठहाके लगाते हुए कह दिया कि अब आपके सिंधिया जी हमारे हो गए हैं। दरअसल, कमल नाथ अब तक अपनी सरकार 15 महीने में ही गिर जाने का दर्द भूल नहीं पाए हैं। वर्ष 2020 में कांग्रेस सरकार ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके साथ 22 विधायकों के पार्टी छोड़ने के कारण गिर गई थी। राजनीति के जानकार इस वार्तालाप में कमल नाथ का पुराना दर्द ही देख रहे हैं। केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री रहे कमल नाथ इन दिनों केवल विधायक हैं। संगठन में भी उनके पास कोई जिम्मेदारी नहीं है। कांग्रेस की नई पीढ़ी भी उन्हें वह महत्व नहीं दे रही है, जिसके वह हकदार हैं।

### भोपाल में ही पर्यटकों को मिलेगा कश्मीर की डल झील जैसा लुत्फ

# प्रदेश में जल-पर्यटन का केंद्र बनेगी शिकारा सेवा

● **मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया बड़े तालाब के बोट क्लब पर 20 नवीन शिकारा नाव सेवा का शुभारंभ**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजा भोज की नगरी भोपाल में लगभग एक हजार साल पहले बने बड़े तालाब में 'शिकारा नाव' सेवा का शुभारंभ ऐतिहासिक अवसर है। इन नवीन 20 शिकारों के माध्यम से पर्यटकों को कश्मीर की प्रसिद्ध डल झील का आनंद, झीलों की नगरी भोपाल में ही मिल जाएगा। शिकारों में पर्यटकों के लिए खान-पान एवं आरामदायक बैठक व्यवस्था की गई है। ये शिकारे प्रदेश के जल-पर्यटन (वॉटर टूरिज्म) को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलवाएंगे। प्रदेशवासी पर्यटन सेवा का लाभ उठाने के लिए आगे आएं। एम.पी. टूरिज्म, वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों को भी आगे बढ़ा रहा है। शिकारा सेवा का आनंद उठाते हुए पर्यटक स्वदेशी उत्पादों की खरीद भी कर पाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने वन्य जीवों के पुनर्वास में भी इतिहास रचा है। आज अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस पर कूनो में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को बोट क्लब भोपाल पर 'शिकारा नाव' सेवा को झंडी दिखाने के बाद यह विचार




व्यक्त किए। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंदर कल्याण, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार, विधायक एवं अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को लेकर आपार संभावनाएं विद्यमान हैं। नर्मदा वैली सहित प्रदेश की बड़ी-बड़ी जल परियानाओं के माध्यम से पर्यटकों को आकर्षित करने वाली गतिविधियां को बढ़ाया जा रहा है। राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। पिछले एक साल में उज्जैन आने वाले पर्यटकों की संख्या 7 करोड़ के पार पहुंच गई।

### शिकारे की सैर का लिया आनंद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिकारों को फ्लेगऑफ करने के बाद बड़े तालाब में शिकारे की सैर का आनंद लिया और उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और गणमान्य नागरिकों ने शिकारा बोट रेस्टोरेंट से चाय, पोहा, समोसे एवं फलों का जायका लिया। साथ ही फ्लोटिंग बोट मार्केट से मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की पारम्परिक कला बाघ और बटिक वस्त्रों, जैविक उत्पादों आदि की खरीदारी भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बोट क्लब पर मौजूद छात्र-छात्राओं के साथ सेल्फी ली और थितियों के साथ टेलीस्कोप से सूर्य के दर्शन किए। टेलीस्कोप की बोट क्लब पर व्यवस्था वैज्ञानिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आंचलिक विज्ञान केंद्र भोपाल द्वारा की गई थी। इस अवसर पर संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार, महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, जिलाध्यक्ष श्री रवींद्र यति सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में पर्यटन प्रेमी उपस्थित थे।

## एसआईआर में लगी महिला बीएलओ को पैरालिसिस अटैक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**शिवपुरी, एजेंसी।** प्रदेश में इन दिनों SIR का काम हो रहा है। शिवपुरी जिले के वार्ड 33 में एसआईआर का 93 फीसदी काम पूरा होने के बाद महिला एक बीएलओ को अचानक पैरालिसिस अटैक पड़ गया। परिजनों ने बताया कि डॉक्टर ने उसे 14 दिन बेड रेस्ट की सलाह दी थी लेकिन एसआईआर के लिए 7 दिन में ही काम पर बुला लिया। रातभर SIR के काम के लिए वह डेटा अपलोड करती थी। महिला नगर पालिका की कम्युनिटी ऑर्गनाइजर हैं। नवाब साहब रोड निवासी ज्योति नामदेव की ड्यूटी वार्ड 33 में एसआईआर में बीएलओ की ड्यूटी है। भाई पुष्पेंद्र नामदेव का कहना है कि ज्योति ने अपना एसआईआर का 93 फीसदी काम पूरा कर लिया। लेकिन रात को अचानक पानी पीने में दिक्कत हुई। फिर सुबह नींद खुली तो आधा मुंह लटका हुआ था। इलाज कराने शासकीय मेडिकल कॉलेज शिवपुरी लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने पैरालिसिस अटैक बताया और भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया।

## महिला बैंककर्मी का पति सोशल मीडिया पर भेजता था अश्लील मैसेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** हबीबगंज क्षेत्र स्थित आरबीआई कॉलोनी में 35 वर्षीय महिला बैंक कर्मी ने अपने पति के खिलाफ अश्लील मैसेज भेजने और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला और उसका पति दोनों आरबीआई बैंक में कार्यरत हैं। महिला भोपाल में पदस्थ है, जबकि पति वर्तमान में मुंबई स्थित आरबीआइ में कार्यरत है। महिला का अपने पति से 2018 से विवाद चल रहा है और दोनों पिछले दो साल से अलग रह रहे हैं। दंपति का छह साल का बेटा भी है। इसी दौरान महिला ने तलाक का केस कोर्ट में दायर कर रखा है। हबीबगंज थाने में दी गई शिकायत में महिला ने आरोप लगाया है कि उसका पति लगातार उसके रिश्तेदारों, दोस्तों और परिचितों को सोशल मीडिया के जरिए उसके बारे में अश्लील मैसेज भेज रहा है।

## टॉयलेट पर सांप का कब्जा... डरकर पत्नी ने ससुराल छोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** घर में बनी दो टायलेट के अंदर एक सांप करीब महीने भर तक डेरा जमाए रहा। सांप एक टायलेट से दूसरी टायलेट तक घूमता रहता था, लेकिन काबू में नहीं आ रहा था। परिवार में सांप का खौफ इतना था कि मकान मालिक अपनी पत्नी को मायके छोड़ आया। स्नेक कैचर अकील बाबा ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद तरकीब लगाकर जिद्दी सांप को बमुश्किल काबू में कर लिया। मप्र के सागर की साईं वाटिका कॉलोनी के एक घर की टायलेट में करीब 2 फीट लंबा काला सांप दिखा था। सांप दिखते ही परिजन दहशत में आ गए। वे कुछ समझ पाते इससे पहले ही सांप टायलेट सीट के अंदर से दूसरी टायलेट सीट तक पहुंच गया। स्नेक कैचर आए और कई घंटे तक मशक्कत करते रहे, लेकिन सांप पकड़ में नहीं आया। यह सिलसिला कई दिनों तक चलता रहा। मकान मालिक की पत्नी काफी डर गईं थी, इस कारण उन्हें मायके में छोड़ना पड़ा। स्नेक कैचर बबलू पवार जब साईं वाटिका कॉलोनी पहुंचे और सांप को पकड़ने का प्रयास किया तो वह एक टायलेट से दूसरे टायलेट तक पाइप में जाकर छिप जाता। उन्होंने करीब एक टैंकर पानी दोनों तरफ की सीट में डाला, लेकिन सांप पकड़ में नहीं आया। बीच में और भी कई प्रयास किए गए, लेकिन सांप बाहर आने को तैयार ही नहीं था।



## संपादकीय

# पीएम मोदी ने पुतिन को भेंट की रूसी गीता की प्रति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को रूसी भाषा में अनुदित गीता की एक प्रति भेंट की। पीएम मोदी ने X पोस्ट पर इसकी जानकारी साझा करते हुए कहा कि गीता की शिक्षाएं दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरणा देती हैं। लेकिन यह जानकर हैरानी होगी कि पीएम मोदी ने जिस भगवद गीता की प्रति पुतिन को भेंट की, उसके एक संस्करण लेकर रूस में मुकदमा चल चुका है। उस समय गीता को रूस में प्रतिबंधित करने की मांग उठी थी। लेकिन रूस की अदालत ने हिंदू धर्मग्रंथ भगवद गीता के एक संस्करण पर प्रतिबंध लगाने की मांग को खारिज कर दिया था। रूस में गीता पर बैन लगाने की मांग वाला यह मामला 2011 का है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक साइबेरिया के शहर टॉम्स्क के अभियोजकों ने गीता के एक संस्करण को 'उग्रवादी' घोषित करने की मांग की थी। ऐसा होने पर 'गीता' को हिटलर की Mein Kampf जैसी श्रेणी में डाल दिया जाता। रूसी विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि जांच का केंद्र धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि उसकी व्याख्या थी। 'Bhagvad Gita As It Is' नाम वाले गीता के इस संस्करण का 'हरे कृष्णा मूवमेंट' वितरण करता था। 'हरे कृष्णा मूवमेंट' की ओर से वकील अलेक्जेंडर शखोव ने पक्ष रखा था। विवादित टीका एसी भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद ने लिखी है, जो इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (ISKCON) के संस्थापक हैं। रूस में हरे कृष्णा समुदाय का मानना है कि यह मामला रूसी ऑर्थोडॉक्स चर्च द्वारा उनकी गतिविधियों को सीमित करने की कोशिश का परिणाम था। यह मुकदमा जून 2011 में शुरू हुआ था और 19 दिसंबर को निर्णय होना था, लेकिन मानवाधिकार ओम्बड्समैन के अनुरोध पर इसे 28 दिसंबर 2011 तक टाल दिया गया। हालांकि, फैसला सुनाए जाने के समय न तो केंद्रीय ओम्बड्समैन व्लादिमीर लुकिन और न ही टॉम्स्क की ओम्बड्समैन नेल्ली क्रेचेटोवा अदालत में मौजूद थीं। उस दौरान भारत के तत्कालीन विदेश मंत्री एस.एम. कृष्णा ने रूस के राजदूत अलेक्जेंडर कडाकिन से इस मामले पर कड़ी आपत्ति जताई थी। कृष्णा ने कहा था कि रूस में हिंदू अधिकारों के संभावित उल्लंघन को लेकर भारतीयों में काफी नाराजगी है। भगवद गीता हिंदुओं के सबसे लोकप्रिय और पूजनीय ग्रंथों में से एक है, जिसमें भगवान कृष्ण और अर्जुन के बीच संवाद का विवरण है।

## महिला जगत

# हर भारतीय महिला के पास ये फोन नंबर जरूर होने चाहिए

हर महिला को अपने आत्मसम्मान और अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए। क्योंकि सुरक्षा सिर्फ विकल्प नहीं, अधिकार है। आइए जानते हैं महिलाओं की सुरक्षा के लिए जरूरी हेल्पलाइन नंबर, क्यों और कैसे काम आते हैं।




**भारत में हर महिला को सुरक्षा, सम्मान और निडर रहने का अधिकार है लेकिन परिस्थितयां, वातावरण या कई विषम स्थित में महिलाएं फंस जाती हैं। ऐसे वक्त में उन्हें मदद की जरूरत होती है, पर अगर समय पर सहायता न मिले तो स्थिति गंभीर हो जाती है। कई परिस्थितियां तो ऐसी भी बन जाती हैं, जब महिलाओं की सहायता के लिए कोई सामने नहीं आता। लेकिन सरकार और प्रशासन हमेशा महिलाओं के मुश्किल वक्त में मदद के लिए तैयार रहते हैं। विषम हालातों में मदद के लिए इंतजार करने से बेहतर है कि पहले से तैयारी करें। कुछ हेल्पलाइन नंबर महिलाओं के लिए जारी किए गए हैं। ये हेल्पलाइन नंबर हर महिला की सेफ्टी किट का अहम हिस्सा बन सकते हैं। हर महिला को अपने आत्मसम्मान और अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए। क्योंकि सुरक्षा सिर्फ विकल्प नहीं, अधिकार है। आइए जानते हैं महिलाओं की सुरक्षा के लिए जरूरी हेल्पलाइन नंबर, क्यों और कैसे काम आते हैं।**

### महिलाओं के जरूरी हेल्पलाइन नंबर

### राष्ट्रीय महिला आयोग – 181

यदि आप या आपकी जान-पहचान की कोई महिला किसी प्रकार के उत्पीड़न या भेदभाव का शिकार हो रही हो तो 181 पर कॉल कर मदद ले सकती है।

### महिला हेल्पलाइन – 1091

सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षा, दुर्व्यवहार या पीछा होने पर 1091 तुरंत मदद मुहैया कराता है।

### घरेलू दुर्व्यवहार या हिंसा – 181 (अखिल भारतीय)

घरेलू हिंसा, घरेलू उत्पीड़न या जब ज़रूरत हो, 181 कॉल करके पति, परिवार या रिश्तेदारों की हिंसा से राहत मिल सकती है।

### पुलिस हेल्पलाइन – 100

जब आप या आपका परिवार तात्कालिक सुरक्षा संकट में हो, जैसे दहशत, चोरी या हमला तो 100 नंबर पर कॉल करना चाहिए।

### बच्चों की हेल्पलाइन – 1098

यदि आप किसी बच्चे को मुसीबत में देखें, जैसे शोषण, भीख मांगना और अनाथालय आदि तो 1098 मदद के लिए कॉल करें।

### संकटग्रस्त महिलाओं के लिए दिल्ली हेल्पलाइन – 23379181

दिल्ली या आस-पास रहने वाली महिलाएं, जो अकेली हों या सुरक्षा की चिंता करती हों, वह इस नंबर पर कॉल करके मदद प्राप्त कर सकती हैं।

### एसिड अटैक पीड़ित सहायता हेल्पलाइन – 07533066009

एसिड अटैक या किसी प्रकार की ज्यादती की स्थिति में, यह हेल्पलाइन मेडिकल, कानूनी या मानसिक समर्थन दिला सकती है।

### साइबर क्राइम हेल्पलाइन – 1030

ऑनलाइन उत्पीड़न, डिजिटल शोषण, सेंसेटिव डाटा लीक या साइबर धमकी की स्थिति में 1030 पर रिपोर्ट करें।

### नंबर सेव करना क्यों जरूरी?

ये नंबर अपने फोन में सेव करके रख लें। इसे किसी वजह से नहीं, बस जरूरी समझें। रात-दिन मोबाइल साथ रहता है। ऐसे में आपातकाल में सिर्फ एक कॉल ही बचाव बन सकता है। डरने की जरूरत नहीं है, मदद मांगना कमजोरी नहीं, हिम्मत की बात है। इन नंबर्स को मोबाइल, लॉक-स्क्रीन नोट या पर्स में सेव करके रखें, ताकि ज़रूरत पड़े तो तुरंत मदद मिल सके। इसके अलावा दोस्त और परिवार के साथ साझा करें, क्योंकि एक- एक की सुरक्षा से समाज सुरक्षित रहता है।

New Delhi

# सस्ते होंगे कर्ज, घटेगी आपकी EMI...RBI ने रेपो रेट में की 25 बेसिस पॉइंट की कटौती

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय रिजर्व बैंक ने मॉनिटरी पॉलिसी की बैठक में बड़ा फैसला लिया है और रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट घटा दिया है. अब रेपो रेट 5.50% से कम होकर 5.25% हो गया है. RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि रेपो रेट में कटौती तत्काल प्रभाव से लागू होगी. आरबीआई के इस कदम से आपके होम लोन की EMIs कम हो जाएगी. साथ ही बैंक कम रेट पर लोन ऑफर कर सकते हैं.

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि पिछला महीना हमारे लिए बड़ी चुनौती भरा रहा है, लेकिन अब आगे का महीने जीडीपी से लेकर महंगाई तक अच्छा



रहने वाला है. पूरे साल के लिए महंगाई को लेकर हमारा अनुमान 2 फीसदी का है. दूसरी तिमाही में रीयल जीडीपी ग्रोथ 8.2 फीसदी रही है. इस वित्त वर्ष के पहले छमाही में जीडीपी ग्रोथ 8 फीसदी रहने का अनुमान है.

एमपीसी सदस्यों ने सर्वसम्मति से रेपो दर में 25 बेसिस पॉइंट की कटौत की गई है. सीआरआर 3% पर रखा गया है, जबकि एसडीएफ दर 5.25%, एमएसएफ दर 5.75% और बैंक दर 5.75% पर बरकरार रखा गया है. आरबीआई ने लिक्विडिटी सपोर्टिव उपायों की एक चेन का ऐलान किया, जिसमें 1 लाख करोड़ रुपये की OMO बाइंग और 5 बिलियन डॉलर की 3 वर्षीय USD/INR स्वैप शामिल है. यह दोनों दिसंबर के लिए तय हैं.

Uttarakhand

● उत्तराखंड में शादी से लौट रहे परिवार की गाड़ी खाई में गिरी

# 5 बारातियों की मौके पर मौत

**लोहाघाट, (एजेंसी)** उत्तराखंड के लोहाघाट में शुक्रवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग में बाराकोट के समीप बारात की एक बुलेरो कार खाई में गिर गई। हादसे में पांच बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को लोहाघाट उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बारात चम्पावत के पाटी के बालातड़ी से गणाई गंगोली वापस जा रही थी। हादसे का पता नहीं चल सका है। जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक बीते चार दिसंबर को गणाई गंगोली के सेराघाट से एक बारात चम्पावत के पाटी ब्लॉक के बालातड़ी गांव आई थी। विवाह की रस्म पूरी होने के बाद बारात वापस सेराघाट जा रही थी। इसी दौरान बाराकोट के समीप बागधार में बोलेरो कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पांच घायल हो गए। सूचना मिलने पर शुक्रवार तड़के मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने घायलों और शवों के कड़ी मशक्कत के बाद खाई से निकाला। हादसे की वजह का पता नहीं चल सका है। मृतकों में प्रकाश चंद उनियाल (40) निवासी सुभाषनगर रुद्रपुर, केवल चंद्र उनियाल (35), सुरेश नौटियाल (32), भावना चौबे (28) और भावना का का बेट प्रियांशु चौबे (6) शामिल हैं। जबकि घायलों में चालक देवीदत्त पांडेय (38) पुत्र रामदत्त पांडेय सेराघाट अल्मोड़ा, धीरज उनियाल (12) पुत्र प्रकाश चंद्र उनियाल रुद्रपुर, राजेश जोशी (14) पुत्र उमेश जोशी, बनकोट गंगोलीहाट, चेतन चौबे (5) पुत्र सुरेश चौबे, दिल्ली और भास्कर पंडा पुत्र रमेश पंडा, सेराघाट गंगोलीहाट हैं।

Gujrat

## पैसेंजर बोला- मेरे पास बम है

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** इंडिगो की इंटरनेशनल फ्लाइट के अंदर एक यात्री द्वारा बम होने की बात कहने पर सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत कार्रवाई की है. फ्लाइट को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार कर लगातार जांच की जा रही है. फिलहाल किसी तरह का विस्फोटक मिलने की पुष्टि नहीं हुई है. CISF, पुलिस और डॉग स्क्वॉड ने पूरे विमान की तलाशी ली है लेकिन अब तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है. आरोपी से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है. बता दें कि मदीना से हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइट में उड़ान भरने के थोड़ी देर बाद ही एक यात्री अचानक जोर से बोला "मेरे पास बम है मैं प्लेन उड़ा दूंगा." यात्री की इस बात से फ्लाइट में बैठे लोग काफी घबरा गए और क्रू मेंबर्स ने तुरंत इसकी सूचना पायलट को पहुंचाई. हालांत को देखते हुए विमान को तुरंत अहमदाबाद एयरपोर्ट की ओर मोड़ा गया और वहां पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है. इंडिगो की इंटरनेशनल फ्लाइट के अंदर एक यात्री द्वारा बम होने की बात कहने पर सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत कार्रवाई की है. फ्लाइट को अहमदाबाद एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार कर लगातार जांच की जा रही है. फिलहाल किसी तरह का विस्फोटक मिलने की पुष्टि नहीं हुई है. CISF, पुलिस और डॉग स्क्वॉड ने पूरे विमान की तलाशी ली है लेकिन अब तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है. आरोपी से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है.

Chhattisgarh

## हादसे में दो महिलाओं की मौत, घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत; प्रशासन ने घर खाली करने को कहा

**रांची, (एजेंसी)** धनबाद के केंदुआडीह थाना क्षेत्र में जहरीली गैस रिसाव का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। गैस के प्रभाव से अब तक दो महिलाएं, प्रियंका देवी और ललिता देवी की मौत हो चुकी है। वहीं ग्रामीण एक पुरुष की मौत का भी दावा कर रहे हैं। अचानक बढ़ी इन घटनाओं से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। हालांकि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

गुरुवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने धनबाद-रांची मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने टायर जलाकर बीसीसीएल और जिला प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। उनका कहना था कि जब तक



सुरक्षित पुनर्वास की व्यवस्था नहीं होती और जहरीली गैस के स्रोत को चिह्नित कर बंद नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। लगभग चार घंटे बाद अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच वार्ता होने पर जाम समाप्त हो सका।

खेल

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शमी ने दिखाया दम, चार विकेट झटके

## हार्दिक पांड्या ने भी बॉलिंग में किया कमाल

**हैदराबाद, (एजेंसी)** भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के 13 रन पर चार विकेट से बंगाल ने गुरुवार को हैदराबाद में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच में सेना को सात विकेट से हरा दिया। यह बंगाल की पांच मैच में चौथी जीत है और अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली टीम 16 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। टीम ने इसके साथ ही नॉकआउट में जगह बनाने का अपना दावा मजबूत कर दिया है।

आईपीएल नीलामी में उतर रहे ईश्वरन ने 37 गेंद में 58 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक पोरेल (29 गेंद में 56 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़े जिससे बंगाल ने 166 रन के लक्ष्य को 15.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। इससे





पहले मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए शमी ने 13 रन देकर चार, जबकि आकाशदीप ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे सेना की टीम 18.2 ओवर में 165 रन पर सिमट गई। ऋतिक चटर्जी ने भी 32 रन देकर दो विकेट चटकाए। चोट के बाद वापसी करते हुए पंजाब के खिलाफ तेजतर्रार पारी खेलने वाले हार्दिक पांड्या ने इस बार गेंद से प्रभावित करते किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर में 16 रन देकर एक विकेट हासिल किया। उनकी टीम बड़ौदा ने गुजरात को कम स्कोर वाले मैच में आठ विकेट से हराया।

गुजरात की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.1 ओवर में सिर्फ 73 रन पर ढेर हो गई। गुजरात के सिर्फ दो खिलाड़ी दोहरे अंक में पहुंच पाए। बड़ौदा की ओर से भारत के पूर्व अंडर-19 तेज गेंदबाज राज लिम्बानी ने पांच रन देकर तीन विकेट चटकाए।

बड़ौदा ने इसके जवाब में सिर्फ 6.4 ओवर में दो विकेट पर 74 रन बनाकर जीत दर्ज की। हार्दिक ने छह गेंद में 10 रन बनाए। यह भारतीय ऑलराउंडर अब छह दिसंबर को कटक के लिए रवाना होगा, जहां वह नौ दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए भारतीय टीम के साथ जुड़ेगा।

ग्रुप के एक अन्य मैच में तेज गेंदबाजों अंशुल कंबोज (44 रन पर तीन विकेट) और अनुज ठकराल (31 रन पर तीन विकेट) की धारदार के गेंदबाजी के बाद यशवर्धन दलाल (नाबाद 76) के अर्धशतक से हरियाणा ने हिमाचल प्रदेश को सात विकेट से हरा दिया।

सिनेमा

## T-Series के मालिक से तलाक ले रही एक्ट्रेस? तोड़ी चुप्पी, बोली- मीडिया जरूर...



दिव्या खोसला कुमार को कौन नहीं जानता? टी सीरीज के मालिक भूषण कुमार की ये पत्नी हैं. हाल ही में दिव्या ने फैन्स के साथ सोशल मीडिया पर सवाल-जवाब राउंड किया. इसमें उन्होंने फैन्स के हर तरह के सवालों के जवाब दिए. दिव्या ने ये तक बताया कि उनकी एक्टिंग जर्नी अबतक की कैसे रही है. साथ ही बॉलीवुड को वो किस तरह से देखती हैं. भूषण कुमार संग तलाक पर भी दिव्या ने चुप्पी तोड़ी. एक फैन ने दिव्या से पूछा कि वो आखिर किस तरह अपनी मेंटल हेल्थ का ध्यान रखती हैं, ये देखते हुए कि बॉलीवुड में कितनी टॉक्सिसिटी है. इंडस्ट्री में दिखने के लिए कितने पापड़ बेलने पड़ते हैं. दिव्या के चेहरे पर एक मासूमियत नजर आती है, इसको लेकर भी फैन ने सवाल किया. जवाब में दिव्या ने कहा- मुझे भी लगता है कि बॉलीवुड मगरमच्छों की जगह है. आपको लगता है कि आप इन लोगों के बीच रहकर अपनी जगह बना लोगे, लेकिन ऐसा करना मुश्किल होता है. मुझे लगता है कि इसमें सबसे ज्यादा जरूरी होता है खुद के साथ सच्चा रहना. मैं काम के लिए कभी अपनी आत्मा को नहीं बेचूंगी. होता है तो ठीक है, नहीं होता तो भी ठीक है. फिर जब आप ऊंचाइयां छूते हो तो आपके पास अच्छा कर्म होता है जिसे आप साथ लेकर चलते हो.

## Highlights

1. What's known about the ₹170-cr palace Hyderabad House where Putin will be hosted?
2. India to get electronic toll collection system in a year: Gadkari
3. UK-returned man posts about 'demographic changes' in Ludhiana, arrested
4. 5-star hotel prices in Delhi rise up to ₹1.3 lakh/night amid Putin's visit
5. Govt responds as Rahul Gandhi says government not letting him meet Putin

# RBI Monetary Policy: RBI revises inflation forecast lower, GDP growth forecast higher



**NEW DEIHI, (Agency).** The Reserve Bank of India expects softer inflation and faster economic growth in the Indian economy, even as the rupee remains under pressure in the absence of a India-US trade deal.

The RBI has lowered its inflation forecast to 2.0% from 2.6% estimated earlier. At the same time, RBI has raised its GDP growth forecase to 7.3% for FY26 as against 6.8% eastimated earlier.

The Reserve Bank of India has cut the repo rate by 25 basis points to 5.25%, even as the monetary policy committee tries to balance India's record-low inflation against a plunging rupee and 8%-plus GDP growth rate.

A majority of the 44 economists surveyed by Bloomberg expected the RBI to cut its benchmark repurchase rate by a quarter point to 5.25% on Friday, given inflation is well below the 4% target. But with the Indian economy expanding at a faster clip and the rupee dropping to a record low below 90 to the dollar, there were plenty of reasons for the RBI to pause as well—as forecast by Citigroup Inc., Standard Charted Plc and State Bank of India.

# The domino effect that led to IndiGo's mass flight cancellations, delays

**NEW DEIHI, (Agency).** The hundreds of IndiGo flight cancellations and delays wasn't triggered by one factor but is a consequence of a domino effect that has bought India's largest airline to its knees.

Disruptions triggered by the Airbus A320 issues snowballed into a chaos after a court upheld implementation of the so-called Flight Duty Time Limitations, which allow pilots and crew to get enough rest in between flight operations. First introduced in January 2024 but not implemented since then, airlines were hoping for another extension from the effective date of 1 November 2025.

That, however, wasn't to be.



What are Flight Duty Time Limitations (FDTL) rules?

The Flight Duty Time Limitation (FDTL) rules, implemented by the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) to combat pilot and crew fatigue, have led to IndiGo flight cancellations due to the following key constraints:

1. Increased weekly rest period: The mandatory weekly rest period for flight crew has been extended from 36 hours to 48 consecutive hours. This significantly reduces the available time for crew rostering.

2. Stricter Night Operation Limits: The definition of "night duty" has been extended to cover the period from 00:00 to 06:00 hours (it was previously 00:00 to 05:00 hours).

The maximum number of permitted night landings has been sharply reduced from six to two per week for a pilot.

# निजी अस्पताल भेज रहे शासकीय डॉक्टर, एक निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शासकीय अस्पतालों से लाखों रुपये वेतन लेने के बाद भी यहां के डॉक्टर अपनी जेब भरने में ही व्यस्त रहते हैं। प्रदेश का सबसे बड़ा शासकीय अस्पताल एमवायएच हमेशा से मरीजों को निजी अस्पताल में भेजने के लिए चर्चा में रहा है। एक बार फिर निजी अस्पताल में मरीज को भेजने का मामला सामने आया है। मामले में एक डॉक्टर का 15 दिन का वेतन काटा गया है। इसी प्रकार ड्यूटी के समय घर पर आराम कर रही महिला सीनियर डॉक्टर को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। कुछ दिनों पहले अस्पताल में रात के समय रतलाम से न्यूरोसर्जरी विभाग में एक मरीज इलाज के लिए आया। रातभर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसका इलाज करने के बजाय जमीन पर रखा। इसके बाद उससे कहा कि आयुष्मान कार्ड है तो इंडेक्स अस्पताल में इलाज करवाओ और उसे भेज दिया। मामले में मरीज द्वारा लिखित शिकायत के बाद जांच की गई। जांच में सामने आया कि विभाग में एमसीएच के विद्यार्थी द्वारा मरीज को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया था। इसके एवज में उसे निजी अस्पताल की ओर से राशि भी मिलती है। मामले में जांच के बाद डॉक्टर का 15 दिन का वेतन काटा गया है। एमवाय अस्पताल में जिन डॉक्टरों की ड्यूटी लगती है, वे इस दौरान निजी अस्पताल में रहते हैं या फिर घर पर आराम करते रहते हैं। हाल ही में सिमरोल सड़क हादसे के बाद घायलों को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया था, लेकिन इमरजेंसी मेडिसिन विभाग में कोई ड्यूटी डॉक्टर नहीं था। हादसे के बाद डीन पहुंचे तो कोई डॉक्टर नहीं मिला। दो घंटे बाद ड्यूटी पर महिला सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर पहुंची। कारण पूछने पर कहा कि घर पर थी। इस बीच कलेक्टर भी पहुंचे। लापरवाही सामने आने के बाद डीन ने महिला डॉक्टर को बर्खास्त कर दिया है।

# दो डॉक्टरों के साथ डेढ़ करोड़ की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर के थाना एमजी रोड में दो डाक्टरों के साथ ठगी का प्रकरण सामने आया है, जिसमें फरियादी डॉक्टर द्वारा थाना एमजी रोड पर अपने साथ हुई ठगी की जानकारी दी गई है जिसमें पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए अनावेदक वीरेंद्र दीक्षित के खिलाफ डॉक्टर ने कंप्लेंट दर्ज कराई है दोनों ही मामलों में अधिकारी के अनुसार डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी की गई है। महात्मा गांधी मार्ग थाना इंदौर में दो डॉक्टर में अपने साथ हुई ठगी को लेकर कंप्लेंट दर्ज कराई है जिसमें एक डॉक्टर ने बताया कि आरोपी द्वारा उसे एक लोन कराया गया आरोपी द्वारा कराया गया लोन पास हुआ और फरियादी के अकाउंट में रुपए भी आए उसके बाद आरोपी ने फरियादी से कहा कि मैं तुम्हें रुपए को इन्वेस्ट कर हर महीने कुछ परसेंट रुपए दूंगा और फरियादी के रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिए जिसके बाद चंपत हो गया फरियादी से कितनी राशि आरोपी द्वारा ट्रांसफर कराई गई ये भी अधिकारी ने मीडिया को बताया। वही दूसरे डॉक्टर के मामले को लेकर बताया गया कि 39 लख रुपए दूसरे डॉक्टर से भी अपने अकाउंट में इन्वेस्टमेंट कंपनी का बात कर ट्रांसफर कर लिए और दोनों से ही डेढ़ करोड़ रुपए लेकर आरोपी चंपत हो गया पूरे ही मामले में पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक